राष्ट्रीय सहारा

■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

नई दिल्ली

बृहस्पतिवार • 6 अप्रैल • 2017

16 पृष्ठ, मूल्य ₹ 3.50

राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण

पदक जीता।

12वीं की बायोलॉजी का प्रश्न पत्र संतुलित

नई दिल्ली । केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की बारहवीं की बायोलॉजी परीक्षा में इस साल कूड़ा निपटान को लेकर सवाल पूछा गया। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की बायोलॉजी विषय की सब्जेक्ट एक्सपर्ट संध्या ने बताया कि इस बार परीक्षा में उन चैप्टर से सवाल आए, जिनको लेकर ज्यादा उम्मीद नहीं थी। परीक्षार्थियों ने कहा कि परीक्षा संतुलित थी। संध्या ने बताया कि बायोलॉजी की परीक्षा कुल सत्तर अंकों की थी। प्रश्नपत्र कुल पांच सेक्शन में विभाजित था। सब्जेक्ट एक्सपर्ट ने बताया कि नैतिक मूल्य आधारित प्रश्न में कहा गया कि कूड़े को गाड़ दें लेकिन जलाएं नहीं। इसको लेकर आरडब्ल्यूए को कैसे जागरूक करेंगे। पेपर में जिन चैप्टरों से प्रश्न आने की उम्मीद कम होती है, इस बार वहां से प्रश्न पूछे गए थे।